## खबर संक्षेप

### मंत्री विधायक फील्ड में उतरें, जनता के बीच रहें

**पंचकूला।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली की अध्यक्षता में मंगलवार को पंचकमल में भाजपा की तीसरी बैठक हुई। इस बैठक में मुख्यमंत्री ने मंत्रियों, विधायकों और प्रत्याशियों को फील्ड में जाकर नुकसान का आकलन करने और जनता के बीच रहकर राहत कार्यों में जुटने के निर्देश दिए। प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया ने संगठनात्मक संरचना को और मजबूत करने को लेकर कुछ विशेष निर्देश दिए। जबकि प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बडौली ने नेताओं द्वारा उठाई गई कुछ बातों का विस्तार से जवाब दिया।

### स्वच्छ यमुना मिशन में तेजी लाएं अधिकारी

**चंडीगढ़।** पर्यावरण एवं वन मंत्री राव नरबीर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वच्छ यमुना बनाने के मिशन को धरातल पर लाने के लिए अधिकारी सभी आवश्यक तैयारी पूरी करें और जहां -जहां सीईटीपी या एसटीपी लगाने की जरूरत है, वहां निविदा प्रक्रिया पूरी कर काम आवंटित करें। मंत्री यहां यमुना नदी में प्रदूषण नियंत्रण को समीक्षा के लिए बुलाई गई हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। राव ने निर्देश दिए कि हरियाणा से दिल्ली की ओर यमुना नदी में जाने वाले स्वच्छ पानी की मात्रा 120 बीओडी बनी रहे।

## मुख्यमंत्री नायब सैनी ने खरीफ सीजन की तैयारियों की समीक्षा की, दिए निर्देश

# फसलें एमएसपी पर खरीदें, खरीफ सीजन में 24 घंटे तैनात रहेंगे निरीक्षक

### किसानों को एसएमएस से मिलेगी गेट पास और अन्य जानकारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



मुख्यमंत्री नायब सैनी ने आगामी खरीफ सीजन की तैयारियों की समीक्षा के लिए चंडीगढ़ स्थित सिविल सचिवालय में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी खरीफ फसल सीजन के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए मंडियों और खरीद केंद्रों में सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि प्रत्येक मंडी में एक निरीक्षक 24 घंटे ड्यूटी पर रहेगा और ड्यूटी में कोताही बरतने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री राजेश नागर, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, मुख्यमंत्री प्रधान सचिव अरुण गुप्ता, प्रमुख सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग डी. सुरेश, महानिदेशक खाद्य, महाप्रबंधक (क्षेत्र) भारतीय खाद्य निगम शरणदीप कौर बराड़, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के अंशज सिंह, मुख्य प्रशासक हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड मुकेश आहुजा, प्रबंध निदेशक हैफेड मुकुल कुमार सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्पष्ट किया कि किसानों की फसलें एमएसपी पर खरीदी जाएंगी। सरकार द्वारा एमएसपी दर पहले ही तय की जा चुकी हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों को किसानों की फसलें एमएसपी पर खरीदने के सख्त निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को एसएमएस द्वारा यह जानकारी उपलब्ध कराई जाए कि उनकी फसलें किस निर्धारित मंडी में खरीदी जाएंगी। उन्होंने अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि किसानों के मोबाइल पर गेट पास पहुंचे। स्कैनर की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाए ताकि किसान मोबाइल से गेट पास डाउनलोड कर सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सोयाबीन से पौष्टिक उत्पाद बनते हैं जो स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हैं। उन्होंने यह भी घोषणा की कि काला तिल, उड़द, अरहर और सोयाबीन जैसी फसलों पर बोनस दिया जाएगा।

### सुविधाएं दें, किसानों को परेशानी न हो

सरकार ने फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किए है। धान (कॉमन) के लिए एमएसपी 2369 रुपये प्रति क्विंटल और ग्रेड-ए धान के लिए 2389 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। ज्वार (हाईब्रिड) का एमएसपी 3699 रुपये तथा मलदंडी ज्वार का 3749 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। बाजरा 2775 रुपये, मक्का 2400 रुपये, तूर/अरहर 8000 रुपये, मूंग 8768 रुपये, उड़द 7800 रुपये, मूंगफली 7263 रुपये, सोयाबीन (पीला) 5328 रुपये, तिल 9846 रुपये और काला तिल 9537 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से एमएसपी घोषित किया गया है।

### नमी जांचने के लिए खरीदें उन्नत मशीनें

मुख्यमंत्री सैनी ने निर्देश दिए कि नमी जांच के लिए एडवांस टेक्नोलॉजी की मशीनें खरीदी जाएं, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। साथ ही मंडियों में नमी जांच के लिए प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएं।

### चीका में 3275 प्रति क्विंटल तक बिका 1509 धान, किसान खुश



**गुहला-चीका।** एशिया की प्रमुख अनाज मंडियों में शुमार चीका मंडी में 1509 धान की आवक शुरू हो चुकी है, जबकि पीआर 26 धान की आमद अभी शुरू नहीं हुई है। मंडी में आए 1509 धान को स्थानीय प्राइवेट राइस मिल मालिकों द्वारा खरीदा जा रहा है। इससे किसान खुश हैं। मंडी में आज 1509 धान का भाव 3275 प्रति क्विंटल तक पहुंचा, धान की आवक को एच-1 रजिस्टर में दर्ज किया जा रहा है। किसानों का कहना है कि इस बार पी.आर. धान के पौधे बौने रहने से पैदावार में कमी की आशंका है, लेकिन 1509 के अच्छे दामों से नुकसान की भरपाई होती दिख रही है।

## सौर ऊर्जा को बढ़ावा देंगे भारत-मॉरीशस

**नई दिल्ली।** भारत और मॉरीशस नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन को नई गति देंगे। दोनों देश सौर व पवन ऊर्जा उत्पादन के साथ ऊर्जा सुरक्षा और परिवर्तन के साथ समावेशी विकास के लिए संयुक्त रूप से काम करेंगे। यह समझौता बुधवार को मुंबई में ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल और मॉरीशस के ऊर्जा मंत्री पैट्रिक गेरवाइस असिरवाडेन के बीच हुआ। दोनों देशों के मंत्रियों के बीच द्विपक्षीय वार्ता के दौरान नवीकरणीय ऊर्जा, विद्युत उत्पादन, पारेषण, वितरण और ग्रिड प्रबंधन में सहयोग करने और ऊर्जा संरक्षण एवं दक्षता सुधार उपायों पर सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी। मनोहर लाल ने कहा कि दोनों देश टिकाऊ, लचीली और समृद्ध ऊर्जा भविष्य के निर्माण हेतु सहयोग को जारी रखने के लिए तत्पर हैं।

**HAFED DISTRICT OFFICE HISAR**

**TENDER / QUOTATIONS NOTICE**

Sealed quotations / offers are hereby invited from various reputed private parties having experience in the line for calibration and repair of moisture meters. Approximately 35 numbers of moisture meter lying at Hafed Hisar and interested parties may submit their quotations / offers on dated 18.09.2025 upto 11.00 AM in the office of District Manager Hafed, Near, Madhuban Park, Old Session Road, Hisar. The quotations be submitted with complete details of firm and same will be opened on the same day i.e. 18.09.2025 at 12.00 PM in the presence of the parties. The calibration rates should be quoted per Moisture Meter along with rates of spare parts separately.

The interested parties have to deposit Rs. 10000/- as earnest money in the shape of DD in favour of Hafed, Hisar along with quotations and desired above documents for inspection by the committee. The earnest money of the successful party will be converted into security amount and shall be refunded after successful completion of calibration and repair work. No interest shall be paid on security amount. The quantity of Moisture Meter may increase or decrease as per prevailing circumstances.

Hafed reserves the right to accept or reject all or any offer / quotation without assigning any reason. Conditional quotations will not be accepted by the committee. The allotment of said work will be for one year.

M No- 8168100625

District Manager,
Hafed, Hisar

No. Hafed/HSR/TOS/Dated 09.09.2025

**MUNICIPAL COMMITTEE, PUNDRI**

स्वच्छ पूण्डरी स्वच्छ हरियाणा

OPP. :- C.I.S.K.M.V. College, MAIN ROAD, Pundri-136026
E-MAIL:- secretarymcpundri01@gmail.com, Ph. 01746-270273

"विषयः- नगरपालिका पूण्डरी सीमा क्षेत्र मे खाली प्लाटों को कचरा मुक्त करने बारे ।

हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान, 2025 के तहत नगरपालिका सीमा क्षेत्र में स्थित सभी प्लॉटों को कचरा मुक्त किया जाना है। नगरपालिका पूण्डरी सीमा क्षेत्र में विभिन्न एरिया में कई प्लॉट खाली पडे हुए तथा इन प्लॉटों की चारदीवारी भी नहीं है। जिस कारण इन खाली प्लॉटो में कचरा का ढेर लगना व जलभराव होना आरम्भ हो जाता है। जिससे बिमारियों के फैलने की आशंका हो जाती है तथा आस पास के लोग नगरपालिका पूण्डरी कार्यालय में शिकायत करते रहते है व नगरपालिका पूण्डरी के स्वच्छता कार्यक्रम भी प्रभावित होते है।

अतः इस सार्वजनिक नोटिस के माध्यम से सभी खाली प्लॉट धारकों को सूचित किया जाता है कि वह एक सप्ताह के अन्दर-2 अपने खाली प्लॉट को कचरा मुक्त करके उसकी चारदीवारी तथा फैन्सिंग करवाना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त यह भी सुनिश्चित करे कि उनके प्लॉट में कोई कचरा न फेंके तथा जलभराव भी ना हो। निरीक्षण के दौरान यदि किसी खाली प्लॉट में कचरे का ढेर पाया जाता है तथा जलभराव होना पाया जाता है तो संबंधित प्लॉट धारक के नाम कड़ी कार्यवाही करते हुए प्लॉट की साफ-सफाई का हर्जा खर्चा उस प्लॉट की सम्पति आई.डी. में लगा दिया जाएगा। इसके पश्चात प्लॉट धारक को नगरपालिका पूण्डरी कार्यालय से एन.डी.सी. तभी मिलेगी जब जुर्माना राशि की अदायगी कर दी जाएगी।

हस्ता/-सचिव
नगर पालिका, पूण्डरी।

# डॉक्टरों का सीएम को पत्र : अपमानजनक भाषा का प्रयोग करते हैं वरिष्ठ अधिकारी

**चंडीगढ़।** सरकारी डॉक्टरों ने जिला स्तर पर होने वाली समीक्षा बैठकों में अधिकारियों के रवैये पर एतराज जताया है। हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज (एचसीएमएस) एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री नायब सैनी को पत्र लिखकर शिकायत की है कि इन बैठकों में डॉक्टरों से अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया जाता है, साथ ही चार्जशीट की धमकियां भी दी जाती हैं। समीक्षा बैठकों और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान अधिकारियों की ओर से कड़वे शब्द बोले जाते हैं। एचसीएमएस महासचिव डॉ. अनिल यादव का कहना कि इससे डॉक्टरों का मनोबल टूट रहा है और सरकारी मंचों पर भय और असहजता का माहौल बन रहा है। डॉक्टरों ने कहा कि वे चुनौतीपूर्ण हालात में जनता की सेवा कर रहे हैं और उन्हें प्रोत्साहन तथा सम्मान की आवश्यकता है, न कि अपमान और धमकी की। डॉक्टरों ने मांग की है कि समीक्षा बैठकों को रचनात्मक संवाद का मंच बनाया जाए। अधिकारियों का यह व्यवहार टीमवर्क की भावना को कमजोर कर रहा है। पत्र में लिखा है कि इस स्थिति से नकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।

### कई जिलों से शिकायतें मिली

एचसीएमएस महासचिव डॉ. अनिल यादव का कहना कि नेशनल हेल्थ मिशन की सार्थक टीम से जुड़े कुछ अधिकारी पीएमओ, सीएमओ और एसएमओ तक से अनुचित भाषा का प्रयोग करते हैं। झज्जर, हिसार और सिरसा सहित कई जिलों से ऐसी शिकायतें मिली हैं।

## छह लाख करोड़ लीटर से अधिक जल संरक्षण होगा

**चंडीगढ़।** हरियाणा जल संसाधन प्राधिकरण ने अगले दो वर्षों में छह लाख करोड़ लीटर से अधिक जल संरक्षण का लक्ष्य रखा है। इससे प्रदेश के जल अंतर का आधे से अधिक हिस्सा पूरा किया जा सकेगा। यह लक्ष्य इस साल 22 मार्च को विश्व जल दिवस पर जारी एकीकृत जल संसाधन कार्ययोजना के अंतर्गत रखा गया है। गौरतलब है कि हरियाणा जल संसाधन प्राधिकरण की अध्यक्ष तथा हरियाणा की पूर्व मुख्य सचिव श्रीमती केशनी आनंद अरोड़ा की अगुवाई में राज्य ने सतत जल प्रबंधन के क्षेत्र में कई उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं।

**पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय**
**तितरम, जिला- कैथल (हरियाणा)**

PM SHRI

**सत्र 2025-26 मैस सूखा राशन सामग्री की आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना।**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पी.एम.श्री जवाहर नवोदय विद्यालय तितरम, जिला कैथल में सत्र 2025-26 के लिए मैस सामग्री (ड्राई राशन) की आपूर्ति हेतु प्रतिष्ठित एवं अनुभवी आपूर्तिकर्ताओं से मुहर बंद निविदाएं आंमत्रित की जाती हैं।

| क्र. सं. | सामग्री का नाम | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क |
|---|---|---|---|
| 01 | राशन सामग्री, (ड्राई राशन) | 30000 | 200 |

**मैस सामग्री के लिए निविदा शर्तेः-**

1. विद्यालय की अधीकृत वेबसाईट https://navodaya.gov.in/nvs/nvs-school/KAITHAL/en/home/ से डाउनलोड कर प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा के साथ "निविदा प्रपत्र शुल्क मय धरोहर राशि" डिमाण्ड ड्राफ्ट (चेक स्वीकार नहीं है) संलग्न कर, रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से अथवा विद्यालय मे दिनांक 11.09.2025 से 23.09.2025 सांय 04:00 बजे तक उपस्थित होकर विद्यालय में रखे सीलबद्ध बाक्स में डाली जा सकेगी। प्राप्त निविदाएँ दिनांक 24.09.2025 को प्रातः 10:00 बजे क्रय सलाहकार समिति की उपस्थिति में प्राचार्य जनवि-तितरम, कैथल में खोली जाएँगी।
2. आवश्यक धरोहर राशि प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय तितरम-कैथल के पक्ष में केवल (केवल कैथल में देय) बैंक ड्राफ्ट बनवाकर निविदा के साथ जमा करवानी अनवार्य होगी। वेबसाईट से डाउनलोड फॉर्म का शुल्क धरोहर राशि के साथ जोड़कर बैंक ड्राफ्ट बनवाना अनिवार्य है धरोहर राशि एवं फॉर्म का शुल्क नहीं होने पर फॉर्म स्वीकृत नहीं होगा।
3. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास रहेगा।

प्राचार्य
जवाहर नवोदय विद्यालय, तितरम, जिला कैथल (हरि०)

**THE HARYANA STATE COOPERATIVE SUPPLY & MARKETING FEDERATION, LIMITED : NEAR MADHUBAN PARK, HISAR**

**INVITING QUOTATIONS FOR REFILLING/ SUPPLY OF FIRE FIGHTING EQUIPMENTS.**

Sealed Quotations are hereby invited from reputed Distributors / Dealer having at least 3 years experience with similar type work in Govt. /Public sector undertaking **(Photocopies are to be deposited along with Quotations)** for refilling of approx. 175 Nos ABC type fire cylinder of capacity 5 & 6 Kg and 20 Nos of water CO2 and DCP capacity 5 Kg powder & 1 No of CO2 4.50 Kg as per ISI specification to furnish rates of spare parts also, as per ISI specifications for various storage complexes of Hafed in Hisar District. **The interested firms may send their sealed quotations to District Office Hafed Hisar on 18.09.2025 up to 11.00 AM in the name of D.M. Hafed Hisar. These quotations will be opened on same day i.e 18.09.2025 at 12.00 PM in this office in the presence of Committee and the parties.**

The interested parties are required to deposit Rs. 15000/- in shape of DD as earnest money in favour of Hafed, Hisar along with quotation and desired documents for inspection by the committee. The other terms and conditions will be announced at spot. Hafed reserves the right to accept / reject all or any offer without assigning any reasons.

District Manager,
Hafed, Hisar

No. Hafed/HSR/TOS/Dated 09.09.2025

### कर्मियों और निदेशक की वार्ता विफल

**चंडीगढ़।** शहरी स्थानीय निकाय निदेशक और नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के साथ हुई वार्ता। संघ कर्मचारी नेताओं का कहना है कि मांगों का समाधान किए बगैर वार्ता का कोई औचित्य नहीं है, क्योंकि पूर्व में मानी गई मांगों के पत्र तक नहीं किया जा रहे हैं जारी। संघ ने कहा कि सरकार सफाई अभियान के नाम पर सफाई कर्मचारियों का शोषण कर रही है। संघ ने 11 हफ्ते तक सभी छुट्टियां रद करने और सफाई कर्मचारियों की नकली भर्ती करने, सफाई के औजार व सुरक्षा उपकरण न देने, संसाधनों का अभाव पर नाराजगी जताई। प्रधान नरेश शास्त्री ने पालिका परिषद निगमों एवं सभी सफाई कर्मचारियों से 21 सितंबर के सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की।

### ऐडिड कॉलेज कर्मियों को तीन माह से वेतन नहीं

**चंडीगढ़।** हरियाणा राज्य के 96 सरकारी अनुदान प्राप्त (ऐडिड) कॉलेजों में कार्यरत लगभग 3000 टीचिंग और नॉन-टीचिंग को पिछले तीन महीने से वेतन नहीं मिला। कर्मचारियों ने बताया कि इस विकट परिस्थिति ने कर्मचारियों को गंभीर वित्तीय संकट में डाल दिया है, जिससे उनके जीवन के विभिन्न पहलू प्रभावित हुए हैं। टीचिंग और नॉन टीचिंग यूनियन सरकार के समक्ष बात रख रही है। कर्मचारियों की मांगों में समय पर वेतन, एसीपी का लाभ, संशोधित मकान किराया भत्ता, ग्रैच्युटी का लाभ, सेवा नियम 2006 व लीव रूल्स 2002 में संशोधन, मेडिकल भत्ता, सीसीएल, आकस्मिक अवकाश के स्पष्ट दिशा-निर्देश, नॉन-टीचिंग को लियन का लाभ आदि शामिल हैं।

## जनविश्वास को और मजबूत करेगा सीपीए का 11वां सम्मेलन : हरविन्द्र

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



बेंगलुरु में 11 से 13 सितंबर तक होने जा रहा राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) के 11वें भारतीय क्षेत्रीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण बेंगलुरु पहुंच गए हैं। उनके साथ विधान सभा उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा, सचिव राजीव प्रसाद और अन्य अधिकारीगण भी सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। लोकतंत्र के मूल स्वरूप को मजबूत करने की दिशा में आयोजित इस सम्मेलन का विषय 'विधायी संस्थाओं में संवाद और चर्चा : जन विश्वास का आधार, जन आकांक्षाओं की पूर्ति का माध्यम' तय किया गया है। राष्ट्रमंडल भारतीय क्षेत्र का गठन 2004 में हुआ था। इससे पहले भारत राष्ट्रमंडल संसदीय संघ एशिया का हिस्सा था। विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि आज जब लोकतंत्र केवल चुनाव तक सीमित नहीं रह गया है और ऐसे में विधायिकाओं की भूमिका महज कानून बनाने तक सीमित न रहकर जन अपेक्षाओं की पूर्ति और नीतिगत संवाद की ओर अग्रसर हो रही है।

**उत्तर रेलवे**

ई-टेंडरिंग

**खुली निविदा सूचना संख्या एनआईटी-09/2025-26 दिनांक 09.09.2025**

सीनियर डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/जी. उत्तर रेलवे, अंबाला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए **15.00 बजे** तक या कार्य के सामने दिखाई गई समाप्ति की तिथि तक खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

**निविदा संख्या :** 30-विद्युत-11/2025-26 (ओपन टेंडर)

**कार्य का नाम :** अंबाला डिवीजन में संलग्न अनुलग्नक-1 के अनुसार स्टेशनों/स्थानों पर कार्यालयों और सेवा भवनों की रिवायरिंग और बिजली आपूर्ति सुधार के संबंध में विद्युत कार्य, कैमटेक मानक के अनुसार रोलिंग इन/आउट परीक्षा बिंदुओं में प्रकाश व्यवस्था के प्रावधान द्वारा बुनियादी सुविधाओं का विस्तार, रनिंग रूम चंडीगढ़ का विस्तार, रनिंग रूम अंबाला का विस्तार, आरओएच डिपो खलनामपुरा में सीटीआरबी के रखरखाव के लिए पोर्टा केबिन के प्रावधान द्वारा बुनियादी सुविधाओं में सुधार, नंगल डैम में नए अधिकारी विश्राम गृह का प्रावधान, नंगल डैम में मौजूदा ओआरएच का नवीनीकरण और सरहिंद-दौलतपुर चौक खंड पर आनंदपुर साहिब में विश्राम कक्ष का सुधार/नवीनीकरण, एडीईएन/सरहिंद के अधीन सरहिंद, मोरिंडा, कुराली, नंगल डैम में टाइप-II, III, IV क्वार्टरों की जैक आर्च छत की मरम्मत, एडीईएन/राजपुरा के अधीन एसएसई/वर्क्स/आरपीजे के खंड में राजपुरा, खन्ना में टाइप-II, III, IV क्वार्टरों की जैक आर्च छत की मरम्मत सी एंड डब्ल्यू डिपो, चंडीगढ़ के संबंध में विद्युत कार्य

**लगभग लागत (रु.) :** रु. 3,26,76,768.47

**बोली प्रतिभूति (रु.) :** रु. 3,13,400.00

**पूर्ण होने की अवधि :** 06 महीने

**बंद करने और खोलने की तिथि :** 01.10.2025

**1)** निविदाकर्ताओं को शर्तों के अनुसार PAN/TIN/GST सहित सभी संबंधित पात्र दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है। **2)** आवश्यक बोली सुरक्षा नेट बैंकिंग/या भुगतान गेटवे के माध्यम से केवल निविदा की अंतिम तिथि और समय के **15.00 बजे** से पहले ही ऑनलाइन भुगतान स्वीकार्य होगी। **3)** कार्य निविदाओं की ई-निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकर्ताओं के पास तृतीय श्रेणी का डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए। **4)** विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें। **5)** जीएसटी अधिनियम 2017 के अनुसार जीएसटी लगाया जाएगा। **2747/25**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# बड़ी परियोजनाओं की निगरानी खुद करें प्रशासनिक सचिव : मुख्यमंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश में चल रही मेगा परियोजनाओं को तय समयावधि में पूरा करें और संबंधित प्रशासनिक सचिव स्वयं निगरानी करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि परियोजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार से समझौता नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री यहां प्रदेश में चल रही 100 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

### कई विभागों की समीक्षा

बैठक में चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान और सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की प्रमुख परियोजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा जल संरक्षण को बढ़ावा देने, पानी की समुचित आपूर्ति और सिंचाई दक्षता में सुधार करने हेतु मेगा परियोजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। दादूपुर से हमीदा हेड तक नई समानांतर लाइन चैनल और डब्ल्यूजेसी का आधुनिकीकरण किया जा रहा है।

### पानी की गुणवत्ता में सुधार किया जाए

पीडी ब्रांच (मुनक से खुबडु हेड) की लाइनिंग और रीमॉडलिंग का कार्य भी लगभग 256 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। इसके अलावा, गुरुग्राम वाटर सप्लाई परियोजना का भी जल्द शिलान्यास किया जाएगा। इसके तहत चैनल की क्षमता बढ़ाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में ट्रीट किए जाने वाले पानी की गुणवत्ता में सुधार किया जाए, ताकि लोगों को पानी का उपयोग करने में किसी प्रकार की दिक्कत न आए। साथ ही, औद्योगिक इकाइयों के साथ समन्वय स्थापित कर ट्रीटेड पानी के उपयोग को बढ़ाने पर जोर दिया जाए, जिससे ताजे पानी की बचत हो सके। इसके अलावा, ट्रीटेड पानी का सिंचाई के लिए भी निरंतर उपयोग किया जाए।

**पब्लिक नोटिस**

दिनांक 17 सितंबर, 2025 को रोहतक में 'संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना' के तहत "भगवान विश्वकर्मा जयंती" मनाने के लिए राज्य स्तरीय कार्यक्रम हेतु आगुंतकों को जलपान प्रदान करने के लिए इच्छुक व्यक्ति/फर्म दिनांक 14.09.2025 को प्रातः 10.00 बजे अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में आयोजित मीटिंग में भाग लेकर अपनी कोटेशन दे सकते हैं। खाद्य पदार्थों का विवरण निम्नानुसार हैः-

(पर प्लेट / थाली/ पर व्यक्ति)

1. चपाती / बेसन की चपाती
2. चावल
3. काले चने
4. मिक्स वेज
5. लड्डु-2
6. फ्रूटी-1
7. पानी की बोतल
8. पेपर नैपकिन
9. चम्मच
10. अचार

नोट : - 10000 व्यक्तियों के लिए 10.00 लाख रुपये की अनुमानित राशि।

जिला स्तरीय समिति की ओर से

पीआरडीएच 1029/11/639/2026/38596/88/6 दि. 10.09.2025

**TENDER/PRESS NOTICE**
**MUNICIPAL CORPORATION/URBAN LOCAL BODIES**
**Municipal Committee Uchana**
**Detailed Notice Inviting Tender**

**No. HEWP/ULB/352/2025-26/187197** **Date 08-09-2025**
**No. HEWP/ULB/352/2025-26/187181** **Date 08-09-2025**

Online bids are hereby invited on behalf of Governor of Haryana for the works mentioned below from firms of repute, Contractors, who have created login on Haryana Engineering works (HEW) Portal i.e. https://works.haryana.gov.in for the work detailed in tables.

| Sr. No. | Name of work/ Notice/Tender | Bid Opening Date Bid Closing Date (Time) | EMD Amount (Approx) Rs. | Nodal Officer/ Contact Details | Tender Ref. No/ e-Tender ID |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Const. of IPB Street/Revenue Rasta No. 242 from Railway Fatak Road to Kheri Mashaniya Road along G.M.S.S.S.School, Uchana in Ward No. 13 in MC Uchana. | 08/09/2025 09:00 AM 23/09/2025 11:00 AM | ₹ 84,724.00 | AMIT Municipal Engineer | 202599239064 A53D 408F 9E3A 8683750018673 52ULB/ 2025_HRY_470604_1 |
| 2 | Const. of Rain Water Harvesting System (08 Numbers) in Ward No. 01 to 13 in MC Uchana | 08/09/2025 09:00 AM 16/09/2025 10:00 AM | ₹ 42,093.00 | AMIT Municipal Engineer | 2025EFEF6E06 FA63 4F92 8896 14DD00388BE83 52ULB/ 2025_HRY_4705 97_1 |

1. Qualified Bidder registered on HEW Portal ie. https://works.haryana.gov.in are required to deposit earnest money declaration from downloadable from their login on HEW Portal for availing the benefit of EMD exemption.
2. Interested bidders are encouraged to get them self-registered as contractor on HEW Portal.
3. The Bidders can download the tender documents from the Portal: https://etenders.hry.nic.in.
4. Possession of Digital Signature Certificate (DSC) and registration of the contractors on the portal i.e. https://etenders.hry.nic.in is a prerequisite for e-tendering. For further details and e-tendering schedule, visit website https://etenders.hry.nic.in.

For & on behalf of Governor of Haryana.

Sd/- Secretary
Municipal Committee Uchana

## खबर संक्षेप

### चलती ट्रेन से गिरी महिला, पीजीआई रेफर

**रेवाड़ी।** दिल्ली रेल मार्ग पर बुधवार सुबह चलती ट्रेन से गिरकर एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया, जहां से गंभीरावस्था में रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया गया। सुबह जीआरपी को सूचना मिली थी कि दिल्ली रोड रेलवे ट्रैक के पास एक महिला गंभीरावस्था में पड़ी हुई है। वह किसी ट्रेन से गिरकर घायल हुई है। सूचना मिलने के बाद जीआरपी के एएसआई सुरेंद्र कुमार मौके पर पहुंच गए। बेसुध होने के कारण आसपसा के लोगों से पहचान कराने का प्रयास किया गया, परंतु उसकी पहचान नहीं हो सकी। उन्होंने महिला को वहां से उठाकर ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया गया। महिला के हाथ कलाई पर अनिल कुमार लिखा हुआ है।

### छुट्टियां रद करने के विरोध में उतरे सफाई कर्मचारी

**फरीदाबाद।** 11 सप्ताह के सफाई अभियान के दौरान सफाई कर्मचारियों की सभी छुट्टियां रद्द करने के विरोध में तथा सफाई के उपकरण व सुरक्षा उपकरण व संसाधन उपलब्ध करवाने व रिक्त पदों पर पक्की भर्ती करने को लेकर आज प्रदेश के सभी पालिकाओं, परिषदों व नगर निगमों के कर्मचारियों ने हरियाणा सरकार के विधायकों के आवास पर विरोध प्रदर्शन करते हुए संघ ने मांगों व समस्याओं का ज्ञापन पत्र उनके प्रतिनिधिओं को सौंपा। नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर पर तीनों विस क्षेत्र में ज्ञापन सौंपा।

### ठाकुर भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष नियुक्त

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद के युवा भाजपा नेता सचिन ठाकुर को भाजपा हाईकमान ने बड़ी जिम्मेदारी देते हुए भारतीय जनता पार्टी भाजपा युवा मोर्चा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। यह जिम्मेदारी भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, संगठन महामंत्री फणीन्द्रनाथ से विचार-विमर्श कर भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा(योगी) ने दी है। सचिन ठाकुर इससे पहले भाजपा युवा मोर्चा में जिला मंत्री, जिला उपाध्यक्ष, जिला महामंत्री रहे चुके है और वर्तमान में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य का दायित्व निभा रहे है और लगातार पार्टी संगठन को मजबूत करने में लगे हुए है। उनकी इसी कार्य कुशलता को देखते हुए उन्हें भाजपा युवा मोर्चा का जिलाध्यक्ष बनाया गया है। अपनी नियुक्ति पर सचिन ठाकुर ने मुख्यमंत्री व अन्य नेताओं का आभार जताया।

# रूस-यूक्रेन युद्ध में फंसे फतेहाबाद के युवक, मोटी सैलरी का झांसा देकर युद्धक्षेत्र में भेजा

■ कुम्हारिया के रहने वाले हैं अंकित जांगड़ा और विजय पूनिया ■ चिंतित मुख्यमंत्री से मिले ■ मामला विदेश मंत्रालय भेजने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

फॉरेंन लैंग्वेज का कोर्स करने रूस गए फतेहाबाद जिले के गांव कुम्हारिया के दो युवक वहां फंस गए हैं। वहां कुछ लोगों ने उन्हें रशियन आर्मी में लाखों रुपये प्रतिमाह की नौकरी का लालच दिया और अब उन्हें यूक्रेन के साथ युद्ध के लिए बार्डर भेज दिया गया है, जहां उनकी जान को खतरा बना हुआ है। रूस में फंसे दोनों युवकों ने सोमवार शाम को अपने परिजनों को वॉट्सऐप कॉल कर वहां से निकालने की गुहार लगाई है। परिवार का कहना है कि 15 लोगों के बैच में उनके साथ यूपी, पंजाब, जम्मू कश्मीर के भी युवक हैं। अब यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में भेजने के लिए मजबूर किया जा रहा है। इस मामले में युवकों के परिजन मंगलवार को चण्डीगढ़ में सीएम नायब सिंह सैनी से भी मिले थे। सीएम ने मामले को विदेश मंत्रालय में भिजवाने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद बुधवार को परिवार के लोग व ग्रामीण फतेहाबाद के डीसी डॉ. विवेक भारती से मिलने पहुंचे। राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल से भी मदद की गुहार लगाई है। मिली जानकारी के अनुसार फतेहाबाद के गांव कुम्हारिया निवासी दो युवक 24 साल के अंकित जांगड़ा और विजय पूनिया दोनों स्टडी वीजा पर फरीदाबाद के एक एजेंट के माध्यम से रूस गए थे। दोनों मास्को शहर में रुके हुए थे। अंकित फरवरी 2025 में गया था, जबकि विजय जुलाई 2024 में ही चला गया था। इसके बाद विजय इसी मार्च में गांव वापस लौट आया और जुलाई में दोबारा रूस चला गया। फतेहाबाद डीसी दफ्तर पहुंचे अंकित के भाई रघुवीर ने बताया कि सोमवार को अंकित की व्हाटसएप कॉल आई थी। उसके साथ तब विजय भी था। अंकित ने कहा, हमें बचा लों, हमारे पास एक-दो दिन ही बचे हैं। इसके बाद हमें युद्ध में भेज दिया जाएगा। रघुवीर के अनुसार, अंकित का कहना है कि उन्हें अभी यूक्रेन में रूस सीमा से 300 किलोमीटर दूर सोलीडेव के जंगल में रखा हुआ है।

रघुवीर ने बताया कि अंकित 12वीं की पढ़ाई पूरी करके 14 फरवरी 2025 को स्टडी वीजा पर रूस गया था। इसमें फरीदाबाद की एजेंट ने उनकी मदद की थी। अंकित ने मॉस्को के एमएसएलयू कॉलेज में लेंग्वेज कोर्स में दाखिला लिया था। अंकित के पिता रामप्रसाद ने बताया कि अंकित ने पढ़ाई के दौरान फ्री टाइम में उन्होंने किसी रेस्टोरेंट में हेल्पर का काम शुरू किया, ताकि अपना खर्चा निकाल सकें।

**फॉरेंन लैंग्वेज का कोर्स करने गए थे**



### महिला ने रशियन आर्मी में नौकरी का लालच देकर फंसाया

विजय पुनिया जुलाई 2024 में स्टडी वीजा पर गया था। वीजा एक्सटेंड नहीं हुआ तो एक महीने बाद वापस आ गया था। फिर अक्टूबर 2024 में दोबारा गया। 6 महीने रहकर मार्च के आखिर में वापस गांव लौट आया था। इसके बाद इसी साल 15 जुलाई को विजय एक साल का बिजनेस वीजा लगवाकर रशिया गया। परिवार का कहना है कि लोन लेकर उसे विदेश भेजा है। रघुवीर ने बताया कि एक महिला ने अंकित व विजय के साथ अन्य 13 लोगों को रशियन आर्मी में नौकरी दिलाने की लालच दिया था। 15 लोगों का एक बैच बनाया गया। महिला ने कहा था कि 15 दिन की ट्रेनिंग के बाद उन्हें 20-20 लाख रुपए भी दिए जाएंगे। इसके बाद प्रत्येक को डेढ़ से 2 लाख रुपए महीने की नौकरी भी दी जाएगी। इसके बाद महिला उन्हें वेल्याबिंस्क शहर ले गई। वहां रशियन भाषा में कुछ डॉक्यूमेंट पर साइन करवा लिए।

### दोनों को जंगल में ले गए, अब तक 5 युवकों की मौत

रामप्रसाद ने बताया कि इसके बाद उनके बेटे व उसके साथियों को जंगल में ले जाकर छोड़ दिया गया है। उनके ऊपर कमांडर तैनात हैं। अगर कोई वहां से जाने की बात करता है तो उन्हें जान से मारने की धमकी देते हैं। उनके साथ रह रहे 5 लोगों की मौत हो चुकी है। गांव के ही एक युवक ने मंगलवार को जॉब दिलाने वाली को वॉट्सऐप पर कॉल की। महिला ने कहा कि अंकित और विजय तो मर गए हैं। उनकी मौत को चार-पांच दिन ही हो चुकी हैं। जबकि सोमवार को ही परिवार की अंकित से बात हुई थी। इसके बाद महिला ने नंबर ब्लॉक कर दिया।

## एक्शन में हरियाणा पुलिस : शराब ठेकों पर फायरिंग करने का आरोप

# सोनीपत और कुरुक्षेत्र में मुठभेड़, पांच बदमाश गिरफ्तार, दो को गोली लगी

### सोनीपत : गोली लगने से 25 हजार का इनामी हरकेश घायल, दो साथी दबोचे, हथियार बरामद

**सोनीपत।** जिले में अपराध पर लगाम लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार देर शाम सोनीपत एंटी गैंगस्टर यूनिट सेक्टर-7 क्राइम ब्रांच को बड़ी सफलता मिली। प्याऊ मनियारी इलाके में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें उत्तर प्रदेश का रहने वाला 25 हजार रुपये का इनामी बदमाश हरकेश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। घायल बदमाश को तुरंत सोनीपत सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि उसके दो अन्य साथियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल को महिला मेडिकल कॉलेज खानपुर अस्पताल में चिकित्सक द्वारा रेफर कर दिया गया। पुलिस टीम मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर बाद तीनों बदमाश बाइक पर सवार होकर प्याऊ मनियारी स्थित शराब ठेके पर फायरिंग कर भाग रहे थे। सूचना मिलते ही एंटी गैंगस्टर यूनिट की टीम ने उनका पीछा किया। इस दौरान बदमाशों ने पुलिस टीम पर भी गोलियां चलाईं। जवाबी कार्रवाई में हरकेश के पैर में गोली लग गई और वह घायल होकर गिर पड़ा। पुलिस ने उसके दो साथियों को बिना किसी चोट के काबू कर लिया। मौके से एक अवैध पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया।

■ तीनों प्याऊ मनियारी के शराब ठेके पर फायरिंग कर बाइक पर भाग रहे थे



#### कुंडली खंगाल रही पुलिस

घटना की सूचना मिलते ही सोनीपत पुलिस के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। एंटी गैंगस्टर यूनिट तीनों बदमाशों के आपराधिक रिकॉर्ड की जांच में जुटी हुई है। पुलिस का कहना है कि इनामी बदमाश हरकेश उत्तर प्रदेश पुलिस को कई मामलों में वांछित था और उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। इस कार्रवाई से जिले में सक्रिय आपराधिक गिरोहों पर सख्त संदेश गया है। आरोपित को घायल अवस्था में उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर रेफर कर दिया। पुलिस टीम गिरफ्तार आरोपितो से पूछताछ कर रही है। मुठभेड़ में घायल इनामी बदमाश का स्वास्थ्य ठीक होने के बाद उसे अदालत में पेश कर रिमांड की अपील करेगी। ताकि अन्य वारदात व शामिल आरोपितो की पहचान कर उन्हें काबू किया जा सके।

### कुरुक्षेत्र : करनाल में ठेका लूट में शामिल थे दोनों बदमाश, पुलिस ने घेरा तो कर दी फायरिंग

**कुरुक्षेत्र।** जिला में सीआईए और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में बाइक सवार दो बदमाशों में से एक बदमाश की टांग पर गोली लगी है। पुलिस ने बाइक सवार दोनों बदमाशों को काबू कर लिया है। घायल बदमाश को ए ल ए न जे पी अस्सपताल में भर्ती करवाया गया। जानकारी देते हुए सीआईए टू के प्रभारी मोहन लाल ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि करनाल में शराब के ठेके पर फायरिंग करने में शामिल दो बदमाश तिगरी से जांबा वाली सड़क पर बिना नंबर की बाइक पर घूम रहे हैं। दोनों ने अपने मुंह ढक रखे हैं।

उनकी टीम ने उनका पीछा किया तो उन्होंने बाइक मोड़कर भागने की कोशिश की, जिसमें बाइक फिसल गई। उनकी टीम ने दोनों को सरेंडर करने की चेतावनी दी, मगर रवि के पास पिस्टल थी, जिससे उसने टीम पर 2-3 राउंड फायर कर दिए। इस पर टीम की तरफ से भी फायरिंग की गई। इसमें एक गोली रवि की टांग में लग गई।

■ बिना नंबर की बाइक पर घूम रहे थे दोनों, तिगरी से जांबा जाने वाले सड़क पर मुठभेड़



#### कई मामलों में थे वांछित

सीआईए-2 के इंचार्ज मोहन लाल ने बताया कि रवि और शंटी दोनों के खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। करनाल में फायरिंग के मामले में इनके 2 साथी करनाल पुलिस ने पकड़े थे। इनके कब्जे से देसी पिस्टल और वारदात में इस्तेमाल बाइक बरामद हुई है। इनमें से एक बदमाश शंटी शराब के ठेके पर गोली चलाने का साजिशकर्ता है। रवि रंबा का रहने वाला है और शंटी कंवारखेड़ी का रहना वाला है। इनके पास से एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल मिली है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ में रवि घायल हो गया। टीम ने रवि और शंटी को काबू कर लिया। रवि को इलाज के लिए अस्पताल भर्ती करवाया गया। पुलिस जांच में जुटी है। दोनों बदमाशों का पुराना रिकॉर्ड भी पुलिस खंगाल रही है।

### भाखड़ा नहर में डूबा नौवीं कक्षा का छात्र

**कुरुक्षेत्र।** शाहबाद के दो दोस्त आर्यन और तुषार बुधवार को स्कूल जाने की बजाए नहाने के लिए नरवाना ब्रांच झांसा पहुंच गए। नहर में पानी का बहाव तेज होने के कारण आर्यन नहर में डूब गया। आर्यन और तुषार दोनों शाहबाद के माजरी मौहल्ला के रहने वाले है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आर्यन ने तैर कर बाहर आने की कोशिश की लेकिन वह असफल रहा। सूचना मिलते ही दोनों युवक के परिजन नहर पर पहुंचे। मौके पर गोताखोर प्रगट सिंह को बुलाया गया। गोताखोर प्रगट सिंह व उनकी टीम ने झांसा से जा रही नरवाना ब्रांच में सर्च अभियान चलाया लेकिन नहर में डूबे आर्यन का कोई सुराग नही लगा। जानकारी के अनुसार शाहबाद के माजरी मोहल्ला के रहने वाले आर्यन व तुषार शाहबाद के एक निजी स्कूल में पढ़ते है। आर्यन नौवीं कक्षा और तुषार सातवी कक्षा में पढ़ता है। दोनों बुधवार को स्कूल जाने की बजाए शाहबाद से बस में सवार होकर झांसा गए। दोनों पहले एसवाईएल नहर में नहा रहे थे लेकिन वहां से एक दुकानदार से उन्हें भगा दिया। फिर दोनों भाखड़ा नहर में नहाने के लिए चले गए।

### डीबीएस की सफल सर्जरी

फरीदाबाद। अमृता अस्पताल फरीदाबाद ने न्यूरोलॉजी क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए अब तक 30 से अधिक डीप ब्रेन स्टिम्युलेशन सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी की हैं। डीबीएस तकनीक पार्किंसंस, डिस्टोनिया व अन्य रोगों में कारगर है।

**PUBLIC NOTICE**

In The Court of Hon'ble District Judge -Adhoc-4 (Hon'ble Tiwari sir) at Aurangabad. & Member of M. A. C. T. at Aurangabad (Maharashtra State)
M.A.C. P. No-916/2023 Exh-No
Claimant: Devkabai Jarwal and others
... Sunil K. Hiwale, Advocate
VERSUS
Respondents : Ganesh Nitnavare and others
To, RESPONDENT No-: 2 Golden Frozen Foods Through Manager. Age Major, Occ - Service, R/o- Plot No. 1, Jai Shyam Vihar, Satrod, Hisar, State- Haryana. PIN-125001. (Owner of Truck No. HR-55-V-5727)
Whereas, the above named applicant/Claimant Devkabai Jarwal and others had filed an application before this court, through Advocate Sunil K. Hiwale, vide case M.A.C.P. No-916/2023. Under section 166 of Motor Vehicle Act 1988, for grant of Compensation. Notice of this claim petition is issued to you many times and same not been served upon you, notice is return unnerved to this court. You are hereby warned to appear before this court in person or by a pleader duly instructed within 30 days, after date of publishing this public notice in daily news paper, to show cause against said application, failing which said application will be heard and determined Ex-parte.
Given under my hand & seal of the court this 25 st day of August 2025.
// By order //
Jr. Clark, Superintendent
SEAL District & Session Court, Aurangabad.

**NOTICE**

I, Surinder Kumar S/o Shri Lajpat Rai R/o H.No. 775/25, Near Shambhu Nath Dharamshala, Patel Nagar, Rohtak declare that I want to change my name Surinder Kumar to Surender Kumar. In future I may be known as a Surender Kumar for all purposes.

**सामान्य सार्वजनिक सूचना**

यह सामान्य रूप से सूचित किया जाता है कि श्री किशन गुप्ता, धर्मसिंह, सत नारायण, शांति देवी, शकुंतला देवी द्वारा श्री वेद प्रकाश गुप्ता पुत्र श्री मूलचंद गुप्ता के पक्ष में निष्पादित सामान्य मुख्तारनामा (General Power of Attorney) संख्या 253/4 दिनांक 28.08.1997, उप-पंजीयक, रोहतक कार्यालय में पंजीकृत, गुम हो गया है / खो गया है, और उसका अब तक कोई पता नहीं चला है।
इस संबंध में थाना यू.ई., रोहतक में प्राथमिकी/आवेदन संख्या 13237080171238 दर्ज करवाई गई है।
**दस्तावेज का विवरण :**
1. मूल सामान्य मुख्तारनामा संख्या 253/4 दिनांक 28.08.1997, जो कि उपरोक्त व्यक्तियों द्वारा श्री वेद प्रकाश गुप्ता के पक्ष में, प्लॉट संख्या 53 (क्षेत्रफल 261.25 वर्ग गज), मौजा बोहर, विनय नगर, रोहतक (रेक्ट और किला संख्या 244//23) के संबंध में निष्पादित किया गया था।
उक्त संपत्ति वर्तमान में श्रीमती एकता सिंधु पत्नी कैप्टन अभिमन्यु सिंधु के नाम पर पंजीकृत विक्रय विलेख संख्या 3579/1 दिनांक 06.07.2004 के माध्यम से है।
बड़े पैमाने पर जनता को नोटिस दिया जाता है कि कोई भी व्यक्ति जिसका इस संपत्ति में कोई हित या शीर्षक है या अन्यथा कोई आपत्ति है, इस नोटिस के 7 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को अभ्यावेदन कर सकता है।
**नोट : उपरोक्त दस्तावेज के आधार पर किसी भी प्रकार का लेन-देन करना संबंधित व्यक्ति की स्वयं की जिम्मेदारी पर होगा।**
**शाखा प्रमुख का नामः अमित सिंह जाखड़**
**मोबाइल नंबरः 9772030001**
**पताः पंजाब नेशनल बैंक, शाखा सिविल लाइंस, रोहतक-124001**

**सामान्य सार्वजनिक सूचना**

यह सामान्य रूप से सार्वजनिक जानकारी के लिए सूचित किया जाता है कि रोहतक के विनय नगर में स्थित, मौजा बोहर, रेक्ट एवं किला संख्या 244//23, प्लॉट संख्या 53, क्षेत्रफल 261.25 वर्ग गज से संबंधित, दिनांक 29.09.1999 को निष्पादित विक्रय विलेख संख्या 4992, जो श्रीमती कमलेश पत्नी श्री सुरेन्द्र सिंह आर्य के नाम पर पंजीकृत था, खो गया है / गुम हो गया है, तथा उसका अब तक कोई पता नहीं चल पाया है।
इस संबंध में थाना यू.ई., रोहतक में एफआईआर/आवेदन संख्या 13237080171237 भी दर्ज करवाई गई है।
**दस्तावेज का विवरणः**
1. मूल विक्रय विलेख संख्या 4992 दिनांक 29.09.1999, उप-पंजीयक कार्यालय, रोहतक में पंजीकृत।
यह विक्रय विलेख श्री किशन गुप्ता, धर्मसिंह, सत नारायण, शांति देवी, शकुंतला देवी द्वारा, अपने सामान्य मुख्तारनामा संख्या 253/4 दिनांक 28.08.1997 के धारक श्री वेद प्रकाश गुप्ता पुत्र श्री मूलचंद गुप्ता के माध्यम से, श्रीमती कमलेश पत्नी श्री सुरेंद्र सिंह आर्य के पक्ष में निष्पादित किया गया था।
वर्तमान में उक्त संपत्ति की स्वामित्व श्रीमती एकता सिंधु पत्नी कैप्टन अभिमन्यु सिंधु के नाम पर विक्रय विलेख संख्या 3579/1 दिनांक 06.07.2004 के माध्यम से है, जो उप-पंजीयक कार्यालय, रोहतक में पंजीकृत है।
यह संपत्ति वर्तमान में पंजाब नेशनल बैंक, शाखा सिविल लाइंस, रोहतक में बंधक है।
बड़े पैमाने पर जनता को नोटिस दिया जाता है कि कोई भी व्यक्ति जिसका इस संपत्ति में कोई हित या शीर्षक है या अन्यथा कोई आपत्ति है, इस नोटिस के 7 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को अभ्यावेदन कर सकता है।
**नोटः उक्त दस्तावेज के आधार पर किया गया कोई भी लेन-देन संबंधित व्यक्ति द्वारा स्वयं के जोखिम पर किया जाएगा।**
**शाखा प्रमुख का नामः अमित सिंह जाखड़**
**मोबाइल नंबरः 9772030001**
**पताः पंजाब नेशनल बैंक, शाखा सिविल लाइंस, रोहतक-124001**

## राशिफल

**मेष** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मिथुन** माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी।

**कर्क** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती हैं। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**कन्या** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**तुला** कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग-दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहे।

**वृश्चिक** संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

**धनु** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**मकर** माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी।

**कुंभ** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**मीन** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।

**हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन**

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**चिकित्सा**
सेक्स रोगों के लिए सलाह मुफ्त
अशोक क्लीनिक
निकट पीतमपुरा मैट्रो स्टेशन दिल्ली
9811092140 संडे क्लोज

### पुलिस टीम पर हमला, सब इंस्पेक्टर घायल



**करनाल।** तरावड़ी शहर की दुर्गा कॉलोनी में नारकोटिक्स सेल के सब इंस्पेक्टर रोहतास पर जानलेवा हमला हुआ जिसमें वह घायल बताए जा रहे हैं जानकारी के मुताबिक नारकोटिक सेल की टीम तरावड़ी की दुर्गा कॉलोनी में 2 दिन पहले हुए एक एनडीपीएस के केस में रेड करने के लिए पहुंची थी इसके बाद दुर्गा कॉलोनी में पहुंचने पर पूछताछ के दौरान परिवार के लोगों ने पुलिस टीम पर हमला बोल दिया हमले के दौरान परिवार के लोगों ने नारकोटिक सेल के एसआई रोहतास को पकड़ लिया और गंडासी व लाठी डंडों से हमला बोला। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन में डायल 112 पुलिस की टीम के साथ-साथ तरावड़ी थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। इससे पहले एंबुलेंस की मदद से पुलिस प्रशासन की मदद से घायल नारकोटिक्स सेल के ऐसाई रोहतास को करनाल के नागरिक अस्पताल में इलाज के लिए लेकर जाया गया।

## शब्द पहेली - 5985

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | | 4 | ■ | 5 | | 6 | 7 |
| 8 | | ■ | | ■ | 9 | | | ■ | 10 | |
| | ■ | 11 | | | | ■ | 12 | 13 | ■ | |
| 14 | | | | ■ | 15 | 16 | ■ | 17 | 18 | |
| | ■ | | ■ | 19 | | | 20 | ■ | | ■ |
| 21 | 22 | | 23 | | ■ | 24 | | 25 | | 26 |
| ■ | | ■ | 27 | | 28 | | ■ | | ■ | |
| 29 | | 30 | ■ | 31 | | ■ | 32 | | | |
| | ■ | 33 | 34 | ■ | 35 | | | | ■ | |
| 36 | 37 | ■ | 38 | | | ■ | | ■ | 39 | |
| 40 | | | | ■ | 41 | | | | | |

**बाएँ से दाएँ**
1.उपासना करना-6
5.अलमस्त, उत्साही-4
8. हरे रंग का-2
9.चाह,इच्छा-3
10.अधिकार,आरोप-2
11.निर्दय, हिंसक-4
12.आंदोलन-2
14.सज्जन,सभ्य-4
15.स्मृति,अविस्मरण-2
17.रूखा, रसहीन-3
19.गुप्तचर-4
21.संकट मोचक,नाविक-5
24.चुगली करना-5
27.नेता पथ प्रदर्शक-4
29.प्रेम,चाहत-3
31.एक ग्रह-2
32.अनर्गल प्रलाप-4
33.नौकर,सेवक-2
35.उद्विग्न,आतुर-4
36.श्रवणेंद्रिय-2
38.दीपक,दिया-3
39.बोलने के लिये कहना-2
40.एक मुस्लिम महीना-4
41.सहायता करना-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.सहिष्णुता,उदारता-6
2.थोड़ा,कम-2
3.कपड़ों के टुकड़े-4
4.असफल-5
5.राजी करना-3
6.वजन,वायदा-2
7.अनाथ,बेवारिस-4
11.वैधव्य-4
13.राजा की पत्नी-2
16.टूटना-4
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.खबरी,खबर देने वाला-4
20.हमारा पड़ोसी देश-2
22.घूमना-3
23.पराजय-2
25.खतरनाक, खौफनाक-4
26.पसंद नहीं होना, अस्वीकृत-4,2
28.अशोक कुमार, मीना कुमारी, प्रदीप कुमार की फिल्म-5
29.हमले का जवाब देना,प्रतिशोध-4
30.कभी-2
32.जब्त,प्राप्त होना-4
34.मास्टर ब्लास्टर-3
37.भीगा हुआ-2
39.टैक्स,हाथ-2

### शब्द पहेली- 5984 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ब | ल | शा | ली | ■ | रु | ख | सा | र | ■ |
| अ | न | ■ | ली | ■ | प | त | न | ■ | जा | न |
| न | ■ | ज | मा | दा | र | ■ | न | म | ■ | फा |
| म | ग | रु | र | ■ | ■ | आ | ■ | द | र | स |
| ना | ■ | र | ■ | अ | ज | ग | र | ■ | वा | त |
| ■ | मि | त | वा | ■ | ही | ■ | स | प | ना | ■ |
| म | ल | ■ | दा | वा | न | ल | ■ | रा | ■ | फि |
| त | न | य | ■ | ल | ■ | ■ | ह | ज | र | त |
| ल | ■ | म | त | ■ | का | र्या | ल | य | ■ | र |
| बी | ज | ■ | म | का | न | ■ | च | ■ | सा | त |
| ■ | य | ल | गा | र | ■ | ब | ल | शा | ली | ■ |



